This question paper contains 8+2 printed pages]

*Your Roll No.*......................

**7851**

**LL.B./I Term** **E**

Paper LB-102 : PRINCIPLES OF CONTRACT

*Time : 3 Hours* *Maximum Marks* : **100**

*(Write your Roll No. on the top immediately on receipt of this question paper.)*

*Note* :— Answers may be written *either* in English *or* in Hindi; but the same medium should be used throughout the paper.

**टिप्पणी** :—इस प्रश्न-पत्र का उत्तर अंग्रेजी या हिन्दी किसी एक भाषा में दीजिए; लेकिन सभी उत्तरों का माध्यम एक ही होना चाहिए।

Attempt any *five* questions.

*All* questions carry equal marks.

किन्हीं **पाँच** प्रश्नों के उत्तर लिखिए।

सभी प्रश्नों के अंक समान हैं।

P.T.O.

1. (*a*) Novelty Computers (P) Ltd. Karol Bagh, New Delhi exhibited in their showroom a computer with latest configuration and multimedia hardware and attached it a price tag of Rs. 29,999 (inclusive of all taxes). X visits the showroom of the company and tenders a cash amount of Rs. 29,999 for the purchase of the said computer. The company, however, refuses to sell the computer saying that it has only one piece and that too has already been sold to someone else. Discuss whether X can compel the company to sell the computer ?

(*b*) A writes a letter to B offering to buy his Wagon R car for Rs. 3,75,000 saying therein "Unless I hear from you, I shall take the car to be mine for Rs. 3,75,000." B gives no reply but sells the car to C. A seeks your advice whether he can file a suit against B for damages on account of breach of contract ? Advise A.

(*a*) करोल बाग, नई दिल्ली स्थित नावल्टी कम्प्यूटर्स (पी.) लिमिटेड ने अपने शोरूम में नवीनतम आकृति वाला और मल्टीमीडिया हार्डवेयर वाला एक कम्प्यूटर प्रदर्शित किया तथा इस पर 29,999 रुपये (समस्त कर सहित) की मूल्य पर्ची लगा दी। X उक्त कम्पनी के उस शोरूम में गया और उसने उक्त कम्प्यूटर के क्रय के लिए 29,999 रुपये की नकद राशि प्रदान कर दी। मगर कम्पनी ने यह कहते हुए कम्प्यूटर के विक्रय से मना कर दिया कि उसके पास केवल एक ही पीस है तथा उसका भी किसी को पहले ही विक्रय किया जा चुका है। विवेचन कीजिए कि क्या X कम्पनी को उक्त कम्प्यूटर को बेचने के लिए विवश कर सकता है ?

(b) A ने B को उसकी वैगन आर कार को 3,75,000 रुपये में क्रय करने की प्रस्थापना करते हुए एक पत्र यह उल्लेख करते हुए लिखा—"जब तक तुमसे कोई उत्तर नहीं मिलता है तब तक मैं इस कार को 3,75,000 रुपये की एवज में अपनी समझूँगा।" B ने कोई उत्तर नहीं दिया किन्तु उसने उक्त कार को C को विक्रय कर दिया। A आपकी सलाह चाहता है कि क्या वह संविदा भंग के लिए नुकसानी हेतु B के विरुद्ध वाद फाइल कर सकता है ? A को सलाह दीजिए।

2. "The Indian Contract Act, 1872 does not expressly deal with place where a contract is made in case where the parties are separated by distance and have entered into contract through instantaneous mode of communication." Critically examine the statement mentioning statutory provisions and the rule of law laid down by the Apex Court.

"भारतीय संविदा अधिनियम, 1872 उस मामले में जिसमें पक्षकारों में दूरीगत पृथकता है तथा जिन्होंने तत्क्षणिक संचार रीति से संविदा की है, संविदा किए जाने के स्थान पर अभिव्यक्तत: मुखर नहीं हुआ है।" उक्त कथन की कानूनी उपबंधों तथा शिखर न्यायालय द्वारा अधिकथित विधि के नियम का उल्लेख करते हुए समीक्षा कीजिए।

3. (*a*) A Hindu husband executed a registered document in favour of his wife, whereby, referring to quarrels and disagreement with his wife, agreed to pay her a specific amount for her maintenance. Later he refused to pay the said amount. The wife filed a suit for the recovery of the amount. Decide.

(*b*) "A stranger to the contract cannot sue." Elucidate the statement.

(*a*) एक हिन्दू पति ने अपनी पत्नी के पक्ष में रजिस्ट्रीकृत दस्तावेज निष्पादित किया जिसके द्वारा वह पत्नी से अपने झगड़ों तथा असहमतियों का हवाला देते हुए उसे उसके भरण-पोषण हेतु विनिर्दिष्ट राशि का भुगतान करने के लिए राजी हुआ था। बाद में वह उक्त राशि का भुगतान करने से मुकर गया। पत्नी ने उक्त राशि की वसूली हेतु वाद फाइल कर दिया। विनिश्चय कीजिए।

(*b*) "संविदा के लिए पर-व्यक्ति वाद नहीं चला सकता।" इस कथन की व्याख्या कीजिए।

4. Sushant, aged 20 years, represents to Amandeep, a moneylender, that he is a major and shows his matriculation certificate wherein his date of birth is mentioned and thereby induces Amandeep to extend him a loan of Rs. 50,000 on interest at 18% per annum and executes a promissory note. Sushant concealed the fact that a guardian has been appointed as to his person and property by the court.

Sushant later on, when sued by Amandeep on the said note sets up the plea of minority. Discuss the legality of this plea and the remedies, if any, available to Amandeep.

20 वर्षीय सुशान्त ने साहूकार अमनदीप को व्यपदेशन किया कि वह वयस्क है तथा उसको अपना मेट्रिकुलेशन का सर्टिफिकेट दिखाया जिसमें उसके जन्म की तारीख उल्लिखित थी। उसके द्वारा उसने अमनदीप को 50,000 रुपये का ऋण प्रति वर्ष 18 प्रतिशत ब्याज पर देने तथा वचन-पत्र निष्पादित करने के लिए उत्प्रेरित किया। सुशान्त ने इस तथ्य को छिपाया कि न्यायालय द्वारा उसको जाती तौर पर तथा सम्पत्ति के लिए संरक्षक नियुक्त किया गया है।

अमनदीप द्वारा उक्त वचन-पत्र के आधार पर वाद चलाए जाने पर सुशान्त ने बाद में अवयस्कता का अभिवाक् किया। इस अभिवचन की विधिकता और अमनदीप को सुलभ उपचारों, यदि कोई हैं, का विवेचन कीजिए।

5. What do you mean by undue influence ? Mr. Gupta sold his land worth Rs. 5 lakh to Dr. Singh a medical attendant of his son, for Rs. 50,000 only as he needed the money badly for medical treatment of his son who had suffered serious injuries in an accident. However Mr. Gupta later on seeks cancellation of the sale-deed on the ground that the contract to sell the land was induced by exercising undue influence upon him. How would you decide the case ?

अनुचित प्रभाव से आपका क्या अभिप्राय है ? मिस्टर गुप्ता ने अपनी जमीन केवल 50,000 रुपये में अपने पुत्र के चिकित्सा परिचर डॉ. सिंह को बेच दी क्योंकि उसको अपने पुत्र के चिकित्सीय व्यय के लिए धन की बहुत जरूरत थी जिसको एक दुर्घटना में गंभीर चोटें आई थीं। मगर बाद में मि. गुप्ता इस आधार पर बिक्री विलेख का रद्दकरण चाहता है कि इस जमीन को बेचने की संविदा उस पर अनुचित प्रभाव डालकर उत्प्रेरित की गई थी। आप इस केस का विनिश्चय कैसे करेंगे ?

6. "The word impossibility has not been used in Section 56 of the Indian Contract Act, 1872 in the sense of mere physical or literal impossibility." Examine the validity of the above statement with reference to decision in Satyabrata Ghose *Vs.* Mugneeram Bangur & Co. (A.I.R. 1954 S.C. 44).

"भारतीय संविदा अधिनियम, 1872 के धारा 56 में शब्द 'असंभाविता' मात्र भौतिक या अक्षरिक असंभाविता के अर्थ में प्रयुक्त नहीं किया गया है।" उक्त कथन की विधिकता की समीक्षा सत्यव्रत घोष **बनाम** मुगनीरम बाँगुर एंड कम्पनी (ए.आई.आर. 1954 एस.सी. 44) को निर्दिष्ट करते हुए कीजिए।

7. State the facts and discuss the principles of law laid down in Hadley *Vs.* Baxendale (1843-60) A.V. E.R. Rep. 461. How far Section 73 of the Indian Contract Act incorporates the law laid down in the above said case ?

हैडली **बनाम** बैक्सेन्डेल (1843-60) A.V.E.R. Rep. 461 के तथ्यों का उल्लेख कीजिए और उसमें अधिकथित विधि-सिद्धान्तों का विवेचन कीजिए। भारतीय संविदा अधिनियम की धारा 73 उक्त केस में अधिकथित विधि का किस सीमा तक समावेश हुआ है ?

8. Write short notes on any *two* :

(*a*) Standing offer

(*b*) Difference between void agreements and void contract

(*c*) Liability to pay for non-gratuitous acts.

निम्नलिखित में से किन्हीं **दो** पर संक्षिप्त टिप्पणी लिखिए :

(अ) स्थायी प्रस्थापना

(ब) शून्य करार और शून्य संविदा के बीच अन्तर

(स) निष्प्रतिफल कृत्य हेतु संदाय का दायित्व।